उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)

**U.P. Power Transmission Corporation Limited**
(U.P. Government Undertaking)

Website: www.upptcl.org | E-mail: corporateaccounts@upptcl.org
CIN. NO. U40101UP2004SGC028687 | GSTIN: 09AAACU8823E1Z9

शक्ति भवन विस्तार 14–अशोक मार्ग, लखनऊ–226001 | Shakti Bhawan Ext., 14-Ashok Marg, Lucknow-226001

पत्रांक – /उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0/मु0/लेखा/F–304(T) दिनांक :– 21.08.2021

## कार्यालय ज्ञाप

एतद्द्वारा प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 के कार्यालय ज्ञाप सं0–567/यू0पी0पी0टी0सी0एल0/डी0एफ0/ओ0एस0डी0/टी–05 दिनांक 16.06.2021 के माध्यम से लागू आनलाइन बिल प्रोसेसिंग एण्ड मानिटरिंग (BPMS) पोर्टल के आधार पर केन्द्रीय भुगतान व्यवस्था के सफल क्रियान्वयन हेतु निम्न व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से लागू की जाती हैः–

(i) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के कार्यालय ज्ञाप सं0 202/पारे0अनु0–16/यू0पी0पी0टी0सी0एल0/21–पारे०16/2010 दिनांक 25.07.2011 द्वारा सृजित मुख्यालय वित्त एवं भुगतान इकाई के अंतर्गत क्रियाशील लेखांकन इकाई Electricity Substation Design Circle-II, Lucknow LC–17 122 193 (पुराना लोकेशन कोड 238/458) का वर्तमान में कार्यशील समस्त कार्यों (यथा पी०एफ०सी०/आर०ई०सी०/अन्य वित्तीय संस्थाओं से ऋण प्रबंधन, इकाइयों को O&M एवं Deposit work के सम्बंध में निधि अन्तरण इत्यादि), बैंक खातों, लेखों तथा अधिकारियों/ कर्मचारियों/संविदा कार्मिकों इत्यादि सहित तत्काल प्रभाव से निधि प्रबन्ध अनुभाग में विलय किया जाता है। विलयोपरान्त निधि प्रबन्ध अनुभाग में विलय होने वाली इकाई द्वारा पूर्व में सम्पादित किये जा रहे समस्त कार्य निदेशक (वित्त) के नियंत्रणाधीन सम्पादित किये जाएगें।

इसी क्रम में Chief Engineer (Operation) Lucknow LC–17 999 192 (पुराना लोकेशन कोड 231/455) लेखांकन इकाई जो वर्तमान में मुख्य अभियंता (आपरेशन), उ0प्र0पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0 के प्रशासनिक नियंत्रण में है को तत्काल प्रभाव से निदेशक (वित्त), उ0प्र0पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0 के प्रशासनिक नियंत्रण में अंतरित किया जाता है तथा तदनुसार उक्त लेखा इकाई स्वतंत्र रूप से पूर्व में सम्पादित किए जा रहें समस्त कार्य (यथा मुख्यालय कार्मिकों के वेतन तथा मुख्यालय के प्रशासनिक व्ययों का भुगतान इत्यादि) सम्पादित करती रहेगी। पारेषण मुख्यालय से सम्बन्धित कार्मिकों के समस्त प्रकार के वेतन निर्धारण, सामान्य भविष्य निधि/अंशदायी भविष्य निधि एवं पेन्शन इत्यादि से सम्बन्धित समस्त कार्य पूर्व की भाँति परिक्षेत्रीय लेखा कार्यालय, पारेषण मध्य के माध्यम से सम्पादित कराये जायेंगे।

(ii) लेखांकन इकाई 17 999 192 (पुराना लोकेशन कोड 231/455) को विस्तारित करते हुए निदेशक (वित्त) के नियन्त्रणाधीन केन्द्रीय भुगतान इकाई का गठन किया जाता है, जिसके द्वारा कार्यालय ज्ञाप सं0–567/यू0पी0पी0टी0सी0एल0/डी0एफ0/ओ0एस0डी0/टी–05 दिनांक 16.06.2021 में निहित व्यवस्थानुसार कार्यदायी संस्थाओं को सीधे भुगतान कर वैधानिक कटौतियों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। उक्त इकाई के व्यवहारिक/भौतिक कियान्वयन हेतु अपेक्षित कार्मिकों तथा अन्य व्यवस्थाएं सक्षम प्राधिकारी द्वारा सुनिश्चित की जायेगी।

(iii) लेखांकन की दृष्टि से यह विलय दिनांक 01.04.2021 से प्रभावी होगा।

(iv) विलय के पश्चात कॉरपोरेट लेखा अनुभाग द्वारा निर्धारित प्रकिया अंर्तगत आवश्यकतानुसार उक्त इकाइयों को नवीन लोकेशन कोड आबंटित किये जायेगें जिसके आधार पर इन इकाइयों के लेखे सीधे कारपोरेट लेखा अनुभाग को प्रस्तुत किए जायेंगे।

(v) उपरोक्त आदेश अध्यक्ष महोदय, यू0पी0पी0टी0सी0एल0, के अनुमोदन के अनुपालन में निर्गत किए जा रहे हैं।

(vi) उक्त इकाईयों से संबंधित आहरण/वितरण अधिकार, लेखों, मानव संसाधन, कार्य आवंटन एवं अन्य समस्त प्रशासनिक व प्रक्रियात्मक निर्धारण/संशोधन करने हेतु निदेशक (वित्त) को अधिकृत किया जाता है।

प्रबन्ध निदेशक

पत्रांक – /०२२/उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0/मु0/लेखा/F–304(T) तद्दिनांकः

प्रतिलिपिः–निम्न को सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निजी सचिव, सम्बद्ध अध्यक्ष, उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0/उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ को अध्यक्ष महोदय के संज्ञानार्थ प्रस्तुत करने हेतु।
2. निजी सचिव, सम्बद्ध प्रबंध निदेशक, उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ को प्रबंध निदेशक महोदय के संज्ञानार्थ प्रस्तुत करने हेतु।
3. निदेशक (कार्मिक प्रबन्धन व प्रशासन)/(वित्त)/(कार्य एवं परि0)/(ऑपरेशन)/नियोजन एवं वाणिज्य/(एस0एल0डी0सी0), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, लखनऊ।
4. अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
5. मुख्य अभियंता, (पारि0 एवं क्रय)/(765/400 केवी)(पारेषण पश्चिम)/(पारेषण मध्य)/(पारेषण दक्षिण पश्चिम)/(पारेषण दक्षिण मध्य)/(पारेषण उत्तर पूर्व)/(पारेषण दक्षिण पूर्व)/पारेषण(जानपद)–प्रथम/पारेषण(जानपद)–द्वितीय/संचार एवं नियंत्रण उ0प्र0पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड, मेरठ/लखनऊ/आगरा/ झांसी/गोरखपुर/प्रयागराज।
6. सचिव, उ0प्र0 पावर सेक्टर इम्प्लाइज ट्रस्ट, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
7. उपमहाप्रबन्धक/परिक्षेत्रीय लेखाधिकारी, परिक्षेत्रीय लेखा कार्यालय, (पारेषण पश्चिम)/(पारेषण मध्य)/(पारेषण दक्षिण पश्चिम)/(पारेषण दक्षिण मध्य)/(पारेषण उत्तर पूर्व)/(पारेषण दक्षिण पूर्व), उ0 प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0, मेरठ/लखनऊ/ आगरा/झांसी/गोरखपुर/प्रयागराज।
8. उपसचिव (गोपन), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
9. अनुसचिव (02 अ.), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
10. अधिशासी अभियंता (वेब), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
11. लेखाधिकारी (वेतन एवं लेखा), उ0प्र0पा0का0लि0, लखनऊ।
12. संबन्धित अधिकारी एवं कार्मिक को अनुपालनार्थ।
13. कट फाइल।

(एस० के० अवस्थी)
उपमहाप्रबन्धक (वित्त एवं लेखा)